प्रेस विज्ञप्ति

**61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला – स्प्रिंग 2026**

**14 से 18 फरवरी 2026, इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा**

# आईएचजीएफ स्प्रिंग 2026 में दुनिया के सामने होगा भारत के हस्तनिर्मित उत्पादों का शानदार प्रदर्शन और शुरू होगा सोर्सिंग का एक जोरदार सीजन

विभिन्न बाजारों की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया गया विशाल और बेहद व्यापक प्रोडक्ट रेंज

109 देशों से आ रहे खरीदार 17 हॉल और 900 स्थायी शोरूम में 3000 से अधिक प्रदर्शकों से जुड़ेंगे

**फर्नीचर पर फोकस, नए ट्रेंड्स की जानकारी, युवा डिजाइनरों के नए आइडिया और क्षेत्रीय कारीगरों के हाथ से बने बेहतरीन उत्पाद, खास हैंडलूम, हस्तशिल्प के माहिरों की भागीदारी, नॉलेज सेशंस और बहुत कुछ, जो खरीदारी के अनुभव को बेहतरीन बनाएंगे**

**दिल्ली/एनसीआर – 13 फरवरी 2026** - वसंत की आहट के साथ कारोबार की रफ्तार भी तेज होने जा रही है। इसी उमंग और नए अवसरों के साथ 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2026, 14 से 18 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के तत्वाधान में यह भव्य आयोजन ग्रेटर नोएडा के अत्याधुनिक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में होगा, जहां दुनिया भर के खरीदारों और कारीगरों का संगम देखने को मिलेगा।

नए डिजाइन आइडियाज और नए अनोखे उत्पादों के साथ यह मेला अलग-अलग लाइफस्टाइल और रहने के माहौल के हिसाब से तैयार की गई समृद्ध और विविध प्रोडक्ट रेंज पेश करता है। साथ ही यह सस्टेनेबल लिविंग को बढ़ावा देने वाले मौकों को भी सामने लाता है। यह मेला लगातार प्रदर्शकों, खरीदारों और हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े लोगों की बदलती उम्मीदों के साथ खुद को ढालता रहा है और एक प्रोग्रेसिव, फ्यूचर रेडी ट्रेड प्लेटफॉर्म के तौर पर अपनी पहचान मजबूत कर चुका है। होम, लाइफस्टाइल, फैशन, फर्निशिंग, फर्नीचर और इंटीरियर इसके मुख्य सेगमेंट हैं। यह एडिशन 17 हॉल में फैला हुआ है, जहां 16 प्रमुख डिस्प्ले डिवीजन होंगे। इनमें होम डेकोर ऐंड एक्सेंट्स, होम फर्निशिंग, कारपेट्स ऐंड रग्स, टेक्सटाइल्स ऐंड लिनेन, गिफ्ट्स ऐंड प्रीमियम्स, इंटीरियर्स, फर्नीचर, फैशन ज्वेलरी. बैग्स ऐंड एक्सेसरीज, लैम्प्स ऐंड लाइटिंग एक्सेसरीज, आउटडोर ऐंड गार्डन, अरोमा, स्पा ऐंड लाइफस्टाइल, क्रिसमस ऐंड फेस्टिव डेकोर, किचन ऐंड डिनरवेयर, बाथरूम एक्सेसरीज, बेंत, बांस, पेपर ऐंड इको फ्रेंडली उत्पाद, किड्स ऐंड बेबीज टॉयज ऐंड एक्सेसरीज शामिल हैं।

मेले के समय को लेकर ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय सोर्सिंग समुदाय भारत की तरफ उम्मीदों से देख रहा है, ऐसे में हमने इसे सही समय पर शेड्यूल किया है। दुनिया के हालात में बड़े बदलावों के बाद अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नई संभावनाएं दिख रही हैं। पिछले साल हुआ ऐतिहासिक भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बेहतर मार्केट एक्सेस और बराबरी के ट्रेड अवसरों का रास्ता खोल चुका है। जनवरी 2026 में साइन हुआ भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट दुनिया के सबसे क्वालिटी कॉन्शियस बाजारों में से एक के साथ भारत के ट्रेड फ्रेमवर्क को और मजबूत करता है और यह एक्सपोर्ट के लिहाज से एक अहम मोड़ है। जीरो ड्यूटी एक्सेस के साथ यह यूरोप के बाजारों में हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए बड़े मौके खोलता है। हम यूरोपीय संघ के बाजारों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इन देशों से एक मजबूत खरीदार के लिए इस मेले में उनकी भागीदारी की उम्मीद करते हैं।"

उन्होंने कहा, "आईएचजीएफ दिल्ली मेले- स्प्रिंग 2026 में इस बार फर्नीचर पर खास फोकस किया गया है, जहां 350 से ज्यादा उत्पादक 4 हॉल में फैले 10,000 वर्ग मीटर के खास डिस्प्ले एरिया में हिस्सा ले रहे हैं। यह खास शोकेस निर्यात के लिए तैयार फर्नीचर और उससे जुड़े होम कैटेगरी प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज को एक जगह लाता है। इससे ग्लोबल खरीदार डिजाइन, मटीरियल और कारीगरी की गहराई को समझ सकते हैं और एक ही प्लेटफॉर्म पर बेहतर सोर्सिंग बातचीत और बिजनेस डील्स कर सकते हैं।

डॉ. खन्ना ने यह भी जोड़ा कि यह पहली बार है जब 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला – स्प्रिंग 2026 एक 'पूर्वावलोकन' यानी प्रीव्यू पेश करेगा। पूर्वावलोकन मेले के एक शाम का प्रोग्राम होता है, जो आधिकारिक उद्घाटन से एक दिन पहले रखा जाता है। इसमें चीफ गेस्ट और प्रमुख लोग पहले ही स्टॉल्स देखते हैं, उत्पादकों से मिलते हैं और खरीदारों के आने से पहले निर्यात के लिए तैयार कलेक्शंस देख लेते हैं। चीफ गेस्ट की मौजूदगी और उनके प्रोत्साहन भरे शब्द हमारे कारीगरों, निर्यातकों और उत्पादकों का हौसला बढ़ाएंगे और आईएचजीएफ को 'इंडिया हैंडमेड' के लिए एक भविष्य के लिए तैयार ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर और मजबूत करेंगे।

डॉ. खन्ना ने बताया कि "ईपीसीएच की यूरोप-फोकस्ड मार्केट डेवलपमेंट स्ट्रैटेजी के हिस्से के तौर पर, हाल ही में एक डेलीगेशन ने एम्स्टर्डम (नीदरलैंड्स), बर्मिंघम (यूके) और फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) का दौरा किया। इसका मकसद ज़मीनी स्तर पर संभावनाओं को तलाशना, खरीदारों के साथ जुड़ाव को मज़बूत करना और लगातार मार्केट एक्सेस के लिए नए चैनल देखना था।"

उन्होंने आगे इस बात पर ज़ोर दिया कि यह पहल ट्रेड फेयर में हिस्सा लेने को और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई है। इसके लिए वेयरहाउसिंग, फुलफिलमेंट और जस्ट-इन-टाइम डिलीवरी मॉडल को आसान बनाया गया है, जिससे यूरोपियन खरीदारों तक तेज़ी से और बेहतर तरीके से पहुँच हो सके। एक्सपोर्टर्स के बीच ज़्यादा जागरूकता पैदा करने के लिए, 16 फरवरी को शाम 6:00 बजे फेयर वेन्यू पर एक इंटरैक्टिव सेशन रखा जा रहा है, जिससे ज़्यादा से ज़्यादा एक्सपोर्टर्स को विदेशी मार्केट में इंटीग्रेटेड वेयरहाउसिंग-कम-शोरूम सुविधाओं के ज़रिए एक्सपोर्ट करने के इस नए मॉडल को आज़माने के लिए बढ़ावा दिया जाएगा।

मेले में आने वाले विजिटर्स को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताते हुए ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "भारत-अमेरिका संयुक्त वक्तव्य और उसके बाद हुआ अंतरिम समझौता भारतीय हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए एक बड़ा कदम है। इससे अमेरिका के बाजार में टैरिफ दबाव कम होगा और प्राइस कॉम्पिटिटिवनेस (मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता) बढ़ेगी। इससे मांग को फिर से गति मिलने, बाजार तक पहुंच बेहतर होने और खास तौर पर एमएसएमई और आर्टिजन आधारित कारोबारों के लिए निर्यात के नए मौके बनने की उम्मीद है। ज्यादा टैरिफ स्थिरता और आर्टिजनल व होम डेकोर प्रोडक्ट्स की पहचान से खरीदारों का भरोसा मजबूत होगा, निर्यातकों की भागीदारी बढ़ेगी और ग्लोबल हस्तशिल्प व्यापार में भारत की स्थिति और मजबूत होगी. इससे आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्प्रिंग 2026 से पहले सकारात्मक माहौल बनेगा।"

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता ने कहा, "हमारी हालिया विदेशी भागीदारी और आईएचजीएफ दिल्ली मेला के खरीदार आउटरीच प्रोग्राम, जिनमें वन-टू-वन मीटिंग्स और यूके, जर्मनी और फ्रांस के बड़े शोज में प्रमोशनल एक्टिविटीज शामिल हैं, ये अंतरराष्ट्रीय खरीद समुदाय को काफी पसंद आए हैं। कई खरीदारों ने आईएचजीएफ दिल्ली मेला – स्प्रिंग 2026 में आने की पुष्टि की है। हमने देखा है कि यूरोपीय खरीदार तेजी से असलीपन, सस्टेनेबिलिटी, डिजाइन की गहराई और मजबूत कहानियों की तलाश कर रहे हैं, और ये वो क्षेत्र हैं जहां इंडिया हैंडमेड सबसे आगे है। वैश्विक डिजाइन मंच पर दिख रहा उत्साह और बेहतर व्यापारिक ढांचे का सपोर्ट, मजबूत साझेदारी, ज्यादा वैल्यू वाले ऑर्डर और भारतीय हस्तशिल्पों की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा।"

आईएचजीएफ दिल्ली मेला – स्प्रिंग 2026 की संरचना के बारे में बताते हुए ईपीसीएच के मुख्य संयोजक श्री अवधेश अग्रवाल ने कहा, "इस संस्करण में फर्नीचर पर खास ध्यान दिया गया है, जो होम और लाइफस्टाइल बाजारों में इसकी बढ़ती वैश्विक मांग को दिखाता है। भारत के बड़े केंद्रों और उभरते इलाकों से उत्पादकों को चार आपस में जुड़े हॉल में एक साथ लाकर यह शोकेस पर्यावरण के अनुकूल मटीरियल, नए डिजाइन और नए बिजनेस आइडियाज को सामने लाता है। इससे भारत की अलग-अलग फर्नीचर परंपराओं, मटीरियल्स और आधुनिक अभिव्यक्तियां एक ही गंतव्य पर हासिल हो जाती हैं।"

आईएचजीएफ दिल्ली मेला – स्प्रिंग 2026 की स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री मोहित चोपड़ा ने कहा, "एक बेहतरीन सोर्सिंग और नेटवर्किंग अनुभव देने के मकसद से तैयार किए गए इस संस्करण में कई खास बातें हैं। इनमें बड़े मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स से डेको-यूटिलिटी और फर्निशिंग कलेक्शंस, नए एवं अनोखे उत्पादों का मजबूत प्रदर्शन और उभरते स्टार्ट-अप्स की नई पेशकश शामिल है। आगंतुकों के लिए एक समृद्ध और दिलचस्प सोर्सिंग अनुभव तैयार है। यहां रीजनल डिस्प्ले भी होंगे, जैसे बिहार के शिल्प की थीम पर आधारित प्रस्तुति और छत्तीसगढ़ से कारीगरों की भागीदारी।

आईएचजीएफ दिल्ली मेला – स्प्रिंग 2026 की स्वागत समिति के उपाध्यक्ष श्री गौतम नथानी ने कहा, "मेले में एक ट्रेंड बूथ भी होगा और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से चुनिंदा हैंडलूम बुनकरों की खास तौर पर चुनी गई कलेक्शंस भी दिखाई जाएंगी, जिन्हें हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय ने भेजा है। साथ ही हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय की तरफ से चुने गए पूरे भारत से हस्तशिल्प डिजाइनर और शिल्प उद्यमी भी इस मेले में शामिल होंगे. इसके अलावा यंग डिजाइनर्स कलेक्टिव ऐसे डिजाइनर्स को एक मंच पर लाता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत पहचान बनाई है और जिनकी शुरुआती पढ़ाई एनआईडी अहमदाबाद, निफ्ट, पर्ल अकादमी, रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट लंदन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुई है।

आईएचजीएफ दिल्ली मेला – स्प्रिंग 2026 की स्वागत समिति के उपाध्यक्ष श्री आनंद जालान ने कहा, "ईपीसीएच मेले के दौरान लगातार रोचक और जानकारीपूर्ण सेशंस आयोजित करता रहता है। उन्होंने बताया कि मेले में सस्टेनेब्लिटी- ट्रेंड से कहीं अधिक; हालिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स के लाभ; मार्केट डाइवर्सिफिकेशन – उभरते डेस्टिनेशन और ट्रेंड ड्राइवर्स, डिजाइन फ्यूचर्स – 2027; खरीदार क्या चाहते हैं- प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन, कम्युनिकेशन और कंप्लायंस;

एक्सपोर्ट में डिजिटल एडवरटाइजिंग और जस्ट-इन-टाइम मॉडल में एक्सपो डिजिटल जैसे विषयों पर सेमिनार और जागरूकता सत्र का भी आयोजन होगा. इसके साथ ही शिल्प की लाइव प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।"

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने कहा, "आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2026 को दुनिया भर में पहचान दिलाने के लिए परिषद ने विदेश के प्रमुख बाजारों में प्रतिनिधित्व के जरिए बड़ा इंटरनेशनल प्रमोशन और पब्लिसिटी कैंपेन चलाया है। इसमें इंटरनेशनल मैगजीन्स और उनके डिजिटल एडिशन में डिजिटल विज्ञापन, ऑनलाइन पोर्टल्स, वेब बैनर्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय दूतावासों ने अपने-अपने देशों में खरीदारों और आयातकों को न्योता भेजा है. मेले को डिजिटल पब्लिकेशंस और सोशल मीडिया चैनलों पर भी अच्छी कवरेज मिली है। विजिटर प्रोफाइल में दुनिया भर से आने वाले विदेशी खरीदार शामिल हैं, जिनमें होलसेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, चेन और डिपार्टमेंटल स्टोर्स, रिटेलर्स, मेल-ऑर्डर कंपनियां, ब्रांड ओनर्स, बाइंग हाउसेज, डिजाइनर्स और ट्रेंड फोरकास्टर्स के साथ-साथ खरीद प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में घरेलू खरीदार भी शामिल हैं।"

उन्होंने बताया कि मेले में 109 से ज्यादा देशों से विदेशी खरीदारों के आने की उम्मीद है. इनमें अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, अजरबैजान, बहरीन, बांग्लादेश, बेलारूस, बेल्जियम, ब्राजील, कंबोडिया, कनाडा, चिली, चीन, कोलंबिया, साइप्रस, चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, इक्वाडोर, मिस्र, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, आयरलैंड, इजराइल, इटली, जापान, कोरिया, किर्गिस्तान, लेबनान, मलेशिया, मॉरीशस, मैक्सिको, नीदरलैंड्स, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, पनामा, पैराग्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, कतर, रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर, साउथ अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, तुर्की, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स, उरुग्वे, उज्बेकिस्तान, वेनेज़ुएला, वियतनाम समेत कई अन्य देश शामिल हैं।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने बताया कि इसके अलावा, कंपनियों/डिपार्टमेंटल स्टोर के प्रतिनिधि जिन्होंने पहले ही शो में अपनी यात्रा की पुष्टि कर दी है, उनमें शामिल हैं इकोर्सो एसआरएल, अर्जेंटीना; आर्म्स ऑफ ईव, एलीट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, ऑस्ट्रेलिया; ईएयू बैग्स, ऑस्ट्रिया; ली एंड लुईस, बेल्जियम; कायू होम, ब्राजील; बेकन बास्केटवेयर लिमिटेड, कनाडा; रूबेन्स डेकोरेशन, फ्रांस; टेडी जीएमबीएच एंड कंपनी केजी, रॉसमैन जीएमबीएच, जर्मनी; सेंट्रल फोर्स होल्डिंग्स (एचके) लिमिटेड, हांगकांग; लैंडो रिनाल्डिनी ट्रेडिंग कंपनी एसआरएल, इटली; हागीहारा एंड कंपनी लिमिटेड, जापान; अल्टरनेटिवो, मैक्सिको; क्लेग फर्निशर्स लिमिटेड, न्यूजीलैंड; फर्नोरा एलएलसी, रूस, क़स्सेर अलसरया कंपनी, सऊदी अरब; विकल होम, स्पेन; टेबल लव एबी, स्वीडन; बियॉन्ड टेक्सटाइल्स, स्विट्जरलैंड. ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने बताया कि कलालौ, इंक., ओकस्ट्रीट होलसेल इंक., नोबल हाउस, इंक. हॉकिन्स न्यूयॉर्क, ग्रेसियस गिफ्ट कंपनी, यूएसए समेत कई अन्य ने पहले ही शो में आने की पुष्टि कर दी है।

श्री राजेश रावत ने बताया कि भारत में तेजी से बदल रहा रिटेल माहौल, नई बाइंग ट्रेंड्स और इंटरनेशनल डिजाइन व प्रीमियम प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए आईएचजीएफ दिल्ली मेला लगातार बाइंग और सोर्सिंग कंसल्टेंट्स के साथ-साथ बड़े भारतीय रिटेल और ऑनलाइन ब्रांड्स तथा घरेलू वॉल्यूम मांगे की मेजबानी कर रहा है. उन्होंने बताया कि आर्ची'ज, आदित्य बिड़ला फैशन, अमेजन, बोरोसिल, चुंबक डिजाइन, डीएलएफ ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड, इरोस होटल, फर्न्स एन पेटल्स प्राइवेट लिमिटेड, फैब इंडिया, फ्लिपकार्ट, गोदरेज एंड बॉयस, हिल्टन ग्रुप, होम सेंटर, लुलु इंडिया, मिनिसो, न्यूमेरो ऊनो क्लोदिंग लिमिटेड, रिलायंस रिटेल, शॉपर्स स्टॉप, स्पेंसर्स रिटेल लिमिटेड, ताज होटल्स, द बॉम्बे स्वदेशी स्टोर्स, वेस्टसाइड, वेल्सपुन और कई ऐसे अन्य ब्रांड्स हैं जिन्होंने आईएचजीएफ स्प्रिंग 2026 में आने की पुष्टि पहले ही कर दी है।

उन्होंने बताया कि एक्सएक्सएक्सलुट्ज केजी, ऑस्ट्रिया; वूली ऐंड कंपनी, डेनमार्क; मैसन डु मॉन्डे, एडेलविस ग्रुप, फ्रांस; स्काइपोर्ट जीएमबीएच, जर्मनी; कोवा कंपनी लिमिटेड, जापान; ओवीएस सोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड, इटली; एल प्यूयेरटो डी लिवरपुल, मेक्सिको; लैंडमार्क ग्रुप, यूएई; अटलांटिक यूके आर्किटेक्चरल हार्डवेयर, यूनाइटेड किंगडम; क्रेन्स यूएसए, द टीजेएक्स कंपनीज, यूएसए, जैसे बड़े स्टोर्स को रिप्रेजेंट करने वाले बाइंग कंसल्टेंट्स ने शो में आने की पुष्टि की है।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) देश से हस्तशिल्पों के निर्यात को बढ़ावा देने वाली नोडल संस्था है और यह देश के अलग-अलग शिल्प क्लस्टर्स में होम, लाइफस्टाइल, फर्नीचर और फैशन ज्वेलरी व एक्सेसरीज के उत्पादों को बनाने वाले लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर की ब्रांड छवि बनाती है. ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने बताया कि साल 2024-25 में हस्तशिल्पों का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक- ईपीसीएच
+91-9810423612

**PRESS RELEASE – CURTAIN RAISER**

**61st IHGF Delhi Fair – Spring 2026**
**14th– 18th February 2026; India Expo Centre, Greater Noida**

# An Exciting Sourcing Season Awaits as IHGF Spring 2026 Showcases the Best of India Handmade to the world

## Wide Product Spectrum Tailored to Diverse Market Requirements

## Buyer Footfall from 109 Countries to engage with 3000+ Exhibitors across 17 Halls and 900 Permanent Showrooms

## Furniture Focus, Trend Booth, Young Designers Collective, Regional Crafts, Curated Handloom and Handicraft Artisanpreneurs Participation, Knowledge Sessions and more to enrich Overall Sourcing Journey

**Delhi/NCR – 13th February 2026 –** Spring is here to spell the momentum of this season's sourcing with the upcoming 61st edition of IHGF Delhi Fair – Spring 2026, being organised from 14th to 18th February 2026 by the Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) and hosted at the state-of-the-art India Expo Centre & Mart on the Greater Noida.

Showcasing fresh design perspectives and innovative product propositions, the fair offers a rich and diverse product spectrum suited to varied lifestyles and living environments, while highlighting opportunities that promote sustainable living. It continues to evolve with the changing expectations of exhibitors, buyers and industry stakeholders, strengthening its position as a progressive, future-ready trade platform. With Home, Lifestyle, Fashion, Furnishing, Furniture and Interior as main segments, this edition is spread across 17 halls dedicated to the 16 prominent display divisions, including Home Decor and Accents; Home Furnishing, Carpets & Rugs; Textiles & Linen; Gifts & Premiums; Interiors; Furniture; Fashion Jewellery; Bags & Accessories; Lamps & Lighting Accessories; Outdoor and Garden; Aroma, Spa & Lifestyle; Christmas and Festive Décor; Kitchen and Dinnerware; Bathroom Accessories; Cane, Bamboo, Paper & Eco-Friendly Products; Kids & Babies Toys & Accessories.

Commenting on the timing of the fair, **Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH** said, "We are well scheduled when the international sourcing fraternity is looking up to India. International trade looks promising after major upheaveals in the world order. The historic India-UK Free Trade Agreement (FTA), last year paved the way for enhanced market access and equitable trade opportunities. The India–EU Free Trade Agreement signed in January 2026 strengthens India's trade framework with one of the world's most quality-conscious markets, marking a pivotal moment for exports. With zero-duty access, it opens significant growth opportunities for the handicrafts sector across EU markets. We are well positioned to expand our footprint across EU markets, with strong buyer participation expected from these countries."

"IHGF Delhi Fair – Spring 2026 is placing a strong focus on furniture this edition, with over 350 exhibitors participating in a dedicated display of 10,000 sqm spread across 4 halls. This focused showcase brings together a comprehensive range of export-ready furniture and allied home categories, enabling global buyers to explore depth in design, materials and craftsmanship while facilitating meaningful sourcing conversations and business conversions on a single platform"

Dr. Khanna further added that “it is the first that the 61st IHGF Delhi Fair – Spring 2026 will feature a ‘Purvalokan’ (Preview). Purvalokan is an evening preview of the fair, held one day before the official opening, where the Chief Guest and key stakeholders take an early walkthrough to experience the showcase, interact with exhibitors and see the export-ready collections ahead of buyer entry. The Chief Guest’s visit and encouraging words will boost the confidence of our artisans, exporters and exhibitors and will reaffirm IHGF as a future-ready global sourcing platform for ‘India Handmade’.”

Dr. Khanna highlighted that “as part of EPCH’s Europe-focused market development strategy, a recent delegation visited Amsterdam, (The Netherlands), Birmingham (UK), and Frankfurt (Germany) with the objective of exploring on-ground potential, strengthening buyer linkages, and assessing new channels for sustained market access.”

He further emphasized that this initiative is designed to complement trade fair participation by facilitating warehousing, fulfillment, and Just-in-Time (JIT) delivery models, enabling faster and more efficient access to European buyers. To create greater awareness among exporters, an interactive session is being organized on 16th February at 6:00 p.m. at the fair venue, encouraging more exporters to explore this innovative model of exporting through integrated warehousing-cum-showroom facilities in overseas markets.

Echoing the positive outlook towards visitor expectancy to the fair, **Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman, IEML**, shared, “The India–US Joint Statement and subsequent Interim Agreement further marks a significant step forward for the Indian handicrafts sector by easing tariff pressures and improving price competitiveness in the US market. The move is expected to revive demand, enhance market access and generate fresh export opportunities, particularly for MSME and artisan-led enterprises. Greater tariff stability and recognition of artisanal and home décor products are set to strengthen buyer confidence, encourage sustained exporter participation and reinforce India’s position in global handicrafts trade, creating positive momentum ahead of IHGF Delhi Fair Spring 2026.”

**Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman, EPCH** added, “Our recent overseas participations and IHGF Delhi Fair buyer outreach initiatives, including one-to-one meetings and promotional activities at leading shows in the UK, Germany and France, have been well received by the international buying community, with many buyers confirming their visit to IHGF Delhi Fair–Spring 2026. We have noted that European buyers are increasingly seeking authenticity, sustainability, design depth and strong narratives - areas where India Handmade excels. Encouraging sentiment witnessed at global design platforms, supported by an improved trade framework, is expected to translate into stronger partnerships, higher-value orders and an enhanced global positioning for Indian handicrafts.”

Informing about the composition of IHGF Delhi Fair-Spring 2026, **Mr. Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH** informed, “This edition places a special focus on furniture, reflecting its expanding global demand across home and lifestyle markets. Bringing together manufacturers from major hubs and emerging regions across India in four seamlessly connected halls, the showcase highlights sustainable materials, innovative designs and new entrepreneurial initiatives—creating a single destination for discovering India’s diverse furniture traditions, materials and contemporary expressions.”

**Mr. Mohit Chopra, President, IHGF Delhi Fair-Spring 2026 Reception Committee** added, "Designed as an immersive sourcing and networking experience, the current edition introduces several notable highlights, including deco-utility and furnishing collections from leading manufacturing clusters, a strong showcase of innovative product developments and fresh offerings by emerging start-ups. A rich and engaging sourcing experience awaits visitors, with Regional Displays including themed presentations of Bihar crafts and artisan participation from Chhattisgarh.”

**Mr. Gautam Nathany, Vice President, IHGF Delhi Fair-Spring 2026 Reception Committee** informed, “The fair also features a Trend Booth and curated collections by select handloom weavers from India’s North-Eastern states deputed by the Office of the Development Commissioner (Handlooms), alongside handicraft designers and artisanpreneurs from across India deputed by the Office of the Development Commissioner (Handicrafts). Further, the Young Designers’ Collective brings together designers with established credentials in their fields of work after their initial foundations in premier institutes such as NID Ahmedabad, NIFT, Pearl Academy, the Royal College of Art, London, etc.”

“EPCH continues to organise engaging informative sessions during the fair**,” Mr. Anand Jalan, Vice President, IHGF Delhi Fair-Spring 2026 Reception Committee said** and added, “The Higher Quest during the fair features Seminars and Awareness Sessions on topics like Sustainability-More than a Trend; Leveraging recent Free Trade Agreements(FTAs);

Market Diversification-emerging destinations and trend drivers Design Futures-2027; What Buyers Want-product presentation, communication and compliance; Digital Advertising in Exports and Expo Digital in a Just-in-Time model. Craft Demonstrations and Cultural Performances are also planned."

**Mr. Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH** said, "To ensure wide global visibility for IHGF Delhi Fair, the Council has undertaken an extensive international promotion and publicity campaign through representation in key overseas markets, digital advertising in leading international magazines and their digital editions, online portals, web banners and social media platforms. In addition, Indian Embassies have extended invitations to buyers and importers in their respective countries. The fair has also received broad coverage across digital publications and social media channels. The visitor profile includes overseas buyers from across the world, comprising wholesalers, distributors, chain and departmental stores, retailers, mail-order companies, brand owners, buying houses, designers and trend forecasters, alongside buying representatives and domestic volume buyers."

He further added, "Overseas buyers from over 109 countries including Algeria, Argentina, Australia, Austria, Azerbaijan, Bahrain, Bangladesh, Belarus, Belgium, Brazil, Cambodia, Canada, Chile, China, Colombia, Cyprus, Czech Republic, Denmark, Ecuador, Egypt, Finland, France, Germany, Greece, Hong Kong, Indonesia, Iran, Iraq, Ireland, Israel, Italy, Japan, Korea, Kyrgyzstan, Lebanon, Malaysia, Mauritius, Mexico, Netherlands, New Zealand, Norway, Oman, Panama, Paraguay, Poland, Portugal, Qatar, Russian Federation, Saudi Arabia, Singapore, South Africa, Spain, Sweden, Switzerland, Thailand, Turkey, Ukraine, United Arab Emirates, United Kingdom, United States, Uruguay, Uzbekistan, Venezuela, Viet Nam, and many more are expected to visit the fair.

Besides, representatives from companies/ departmental stores who have already confirmed their visit to the show include Ikorso SRL, Argentina; Arms of Eve, Elite Global Pty Ltd, Australia; EAU Bags, Austria; Lee and Lewis, Belgium; Kayu Home, Brazil; Bacon Basketware Limited, Canada; Rubens Decoration, France; TEDi GmBH & Co. KG, Rossmann GMBH, Germany; Central Force Holdings (HK) Limited, Hong Kong; Lando Rinaldini Trading Company SRL, Italy; Hagihara & Co.Ltd, Japan; Alternattivo, Mexico; Clegg furnishers Ltd, New Zealand; Fernora LLC, Russia, Qasser Alsaraya Company, Saudi Arabia; Vical Home, Spain; Table Love AB, Sweden; Beyond Textiles, Switzerland; Lifestyle Home Collection BV, The Netherlands; Atelier ilané, 2XL Home, OC Home Furniture, Landmark Group, UAE; Graham and Green, Olive and Olive interiors, United kingdom; Kalalou, Inc., Oakstreet Wholesale Inc, Noble House, Inc. Hawkins New York, Gracious Gift Company, USA and many more have already confirmed their visit to the show informed Mr. Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH.

Mr. Rawat, further updated that facilitating the fast changing retail landscape in India fuelled by renewed buying dynamics and quest for international designs and premium products, IHGF Delhi Fair continues to host Buying/Sourcing consultants as well as visitors from major Indian Retail/online brands and domestic volume buyers. Brands visiting IHGF Spring 2026 includes Archie's, Aditya Birla Fashion, Amazon, Borosil, Chumbak Design, DLF Brands Pvt. Ltd, Eros Hotel, Ferns N Petals Private Limited, Fab India, Flipkart, Godrej&Boyce, Hilton Group, Home Centre, Lulu India, Miniso, Numero Uno Clothing Ltd, Reliance Retail, Shoppers Stop, Spencer's Retail Ltd, Taj Hotels, The Bombay Swadeshi Stores, Westside, Welspun Living Ltd., and many more have confirmed their visit to the show.

He further added, Buying Consultants representing major stores like XXXLutz KG, Austria; Wolly & Co, Denmark; Maisons Du Monde, Edelweiss Group, France; Skyport GmbH, Germany; Kowa Co. Ltd., Japan; OVS Sourcing Pvt Ltd, Italy; El Puerto De Liverpool, Mexico; Landmark group, UAE; Atlantic UK Architectural Hardware, United Kingdom; Crane USA, The TJX Companies, USA and many more have confirmed their visit to the show.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institute for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2024-25 was Rs. 33,123 Crores (US $ 3,918 Million) informed by Mr. Rajesh Rawat, Executive Director-EPCH.

**For more information please contact:**
Mr. Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH
+91 9810423612
Encl: Hindi, English with photos







**Photo 1 & 2 –** Dr. Neeraj Khanna, Chairman-EPCH & Dr Rakesh Kumar, Director General in the role of Chairman-IEML addressing press & media during Press Meet – Curtain Raiser of 61st edition of IHGF Delhi Fair Spring 2026 held today at India Expo Centre, Greater Noida. Also seen Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman-EPCH, Mr. Avdesh Agarwal, Chief Convener-EPCH, Mr. Mohit Chopra, President, IHGF Delhi Fair Spring'26, and Mr. Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH were present.







Photo 3 & 4- 61st IHGF Delhi Fair Spring’26 - Display is in full swing at India Expo Mart, Greater Noida.